आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव हलचल

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब चार दिन शेष रह गए हैं। इसके चलते चुनावी हलचल तेज हो गई हैं राजनीतिक दल प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि दमोह में 19 अप्रैल को नगर से सटे हुये ईमलाई ग्राम में पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आमसभा को संबोधित करेंगे। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजगढ़ए ग्वालियरए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजगढ़ व सीधी में प्रचार कार्य कर रहे हैं। इस बीच मुख्मंत्री ड़ा. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में ष्भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी-2024ष का प्रदेश स्तर पर विमोचन किया। संकल्प पत्र पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मोदी की गारंटी वाला यह संकल्प पत्र 2047 का रोड मैप है। इस बीच कांग्रेस के नेता भी प्रचार में जुटे हुए हैं आज कांग्रेस पार्टी ने खजुराहो लोकसभा सीट पर प्छक्प् गठबंधन के सदस्यए ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आर.बी. प्रजापति को अपना समर्थन देने का फैसला किया है।

....

नमांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज से फिर नामांकन भरे जा रह हैं। दो दिन का अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं भरे गए। इस चरण में बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर गुना सागर विदिशा भोपाल राजगढ़ में 19 अप्रैल तक नामांकन भरे जाने है। यहां 7 मई को मतदान होगा। नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को 7 अभ्यर्थियों ने 8 नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये थे। आज राजगढ़ में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर ने नामांकन दाखिल किया है। ग्वालियर में एक निर्दलीय प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया है।

....

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में भी शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन द्वारा नवचार किए जा रहा हैं। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के पचलाना गांव में मतदान की तारीख के बारे में दीवारों पर स्लोगन लिखकर जागरूक किया जा रहा है। उधर सतना में भी आज वाल आफ डेमोक्रेसी यानी लोकतंत्र की दीवार पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालयों के कैंपस एंबेसडर और राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से

मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। निवाड़ी में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से लोगों से वोट डालने की अपील की।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ॅींजे ।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा जिले में गेंहू खरीदी के लिए बनाये गये 42 केन्द्रों पर 20 मार्च से अभी तक 8 हजार 16 किसानों से पाँच लाख पैंसठ हजार 445 क्विंटल गेंहूँ की खरीदी हुई है।
- गुना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह ने आज समय सीमा बैठक के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- शिवपुरी जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान नाकों पर जांच के लिए उड़न दस्ता दल एफएसटी और स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी का गठन किया गया है।
- टीकमगढ जिले मे घर-घर मतदान प्रक्रिया मे 95 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी प्रसाद पस्तोर ने कल घर पर ही किया मतदान।
- धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है। आज सर्वे का 25 वां दिन है।

....